कोटद्वार, शनिवार
9 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 99 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी रक्षाबंधन की शुभकामना

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन का पावन पर्व भाई-बहन के आपसी स्नेह, विश्वास और कर्त्तव्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारी समृद्ध, सांस्कृतिक परम्पराओं से जुड़े इस पर्व का ऐतिहासिक महत्व भी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा बंधन का पर्व सामाजिक सद्भाव के साथ ही महिलाओं के प्रति आदर एवं सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ बनाता है। रक्षाबंधन महिलाओं के सम्मान से जुड़ा पर्व भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति हमारा प्रयास निरन्तर जारी है। महिलाओं को सशक्त किए बिना समृद्ध उत्तराखण्ड की कल्पना पूरी नहीं हो सकती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी प्रगति के लिए एक आदर्श समाज के निर्माण में सहयोगी बनने की भी अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदेश की महिलाओं को प्रदेश के अंदर उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा भी प्रदान की गई है।

### धराली अपदा पर सोशल मीडिया में अमानवीय टिप्पणी करने के आरोपियों पर केस

देहरादून। उत्तरकाशी के धराली में आई आपदा को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट ओर उसके समर्थन में टिप्पणी करने के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। शहर कोतवाली में दरोगा विक्की टम्टा की ओर से कई फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया पोर्टल के यूजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने, समाज में घृणा और वैमनस्यता फैलाने का आरोप है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि अली सोहराब ने अपने फेसबुक अकाउंट पर धराली में बादल फटने से हुई त्रासदी की तस्वीरें अपलोड कीं। जिसमें त्रासदी से पहले और बाद के चित्रों को जोड़कर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।इस पोस्ट पर दानिश मलिक, अहमद अंसारी और अन्य व्यक्तियों ने भी आपत्तिजनक कमेंट किए। जो उत्तरकाशी के स्थानीय लोगों और उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले थे। इन टिप्पणियों को समाज में घृणा और वैमनस्यता फैलाने का प्रयास माना गया। इस की तरह की पोस्ट अन्य सोशल मीडिया पोर्टल पर भी की गई।

### धराली में दो आईएएस और दो आईपीएस ने संभाली कमान

उत्तरकाशी। धराली में दो आईएएस और दो आईपीएस अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग की कमान संभाली है। ग्राउंड जीरो में उतरकर सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से सर्च और रेस्क्यू कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। धराली में डीएम प्रशांत आर्य, आईएएस गौरव कुमार, एसपी सरिता डोबाल और आईपीएस अमित श्रीवास्तव और एसडीआरएफ कमांडेंट अर्पण यदुवंशी लगातार राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी में जुटे हैं। राहत सवं बचाव कार्य के बीच प्रभावित परिवारों को धराली एवं हर्षिल में सामुदायिक रसोई में भोजन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। हर्षिल, झाला, गंगोत्री में रुके यात्रियों को हेली के माध्यम से मातली भेजा जा रहा है।

### बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकती ईडी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने आज स्पष्ट रूप से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। कोर्ट ने यह टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुईयां और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच जुलाई, 2022 के सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस फैसले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत ईडी की व्यापक शक्तियों की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा गया था। बेंच ने ईडी की छवि को लेकर चिंता जताते हुए कहा, 'हमने क्या देखा कि, जो संसद में एक मंत्री के बयान से भी सच साबित हो गया कि पांच हजार मामलों में से 10 से भी कम केस में दोषसिद्धि हुई।

# राज्यसभा में चर्चा की मांग पर अड़ा विपक्ष

## हंगामे के बाद कार्यवाही स्थगित



नई दिल्ली , राज्यसभा में शुक्रवार को एक बार फिर हंगामा हुआ। विपक्ष के सांसद मतदाता सूची के गहन रिव्यू पर चर्चा की मांग पर अड़े रहे। हालांकि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण ने नियमों का हवाला देते हुए इसकी अनुमति नहीं दी। इस पर विपक्षी सांसद नाराज हो गए। सांसदों ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी जिसके कारण सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। सदन में हो रहे हंगामे के बीच राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण ने बताया कि संसद में बार–बार हो रहे व्यवधान के कारण अब तक हम 56 घंटे 49 मिनट का समय गंवा चुके हैं। उन्होंने राज्यसभा में प्रश्नकाल व शून्यकाल शांतिपूर्ण तरीके से चलने देने का अनुरोध किया। वहीं विपक्ष का कहना था कि वे जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर नियम 267 के तहत चर्चा करना चाहते हैं। अनेक विपक्षी सांसदों ने इसके लिए उप उपसभापति को नोटिस भी दिया था। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण ने सदन में बताया कि नियम 267 के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए 20 सदस्यों ने नोटिस दिया है। उप सभापति का कहना था कि जब से यह सत्र शुरू हुआ है, विभिन्न सांसद अलग–अलग विषयों पर हर रोज नियम 267 के तहत नोटिस दे रहे हैं। गौरतलब है कि 267 के तहत सदन की अन्य सभी कार्यवाहियों को स्थगित करके संबंधित विषय पर चर्चा कराई जाती है। इस नियम के अंतर्गत चर्चा के अंत में वोटिंग का भी प्रावधान होता है। सभापति का कहना था कि हर दिन कई अलग–अलग विषयों पर कई नोटिस दिए जा रहे हैं। उन्होंने सांसदों से कहा कि क्या इन सभी नोटिस को स्वीकार करना संभव है। उप सभापति का कहना था कि ऐसा लगता है कि कई सदस्य नियम 267 को एक टूल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं सदन में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी का कहना था कि पूरा विपक्ष चाहता है कि सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से चले जैसा कि आप (उप सभापति) भी चाहते हैं। प्रमोद तिवारी ने कहा कि 267 पर मेरा एक सुझाव है। उन्होंने 267 की मांग को जायज ठहराया और कहा ऐसा हो सकता है, यह रूलिंग भी है कि जब देश के लोकतंत्र पर खतरा हो, वोटिंग के अधिकार पर खतरा हो।

## बाल–बाल बचे डिप्टी सीएम , टायर फटने से कार में लगी भीषण आग

पुंछ ,श्रीनगर से मुगल रोड होते हुए पुंछ में बाबा बुड्ढा अमरनाथ के दर्शन के लिए आ रहे उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी के काफिले में बड़ा हादसा टल गया। रास्ते में उनके वाहन का टायर फटने के साथ उसमें आग लग गई, लेकिन चालक की सतर्कता से सभी सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार, उपमुख्यमंत्री अपने पूरे एस्कॉर्ट के साथ श्रीनगर से पुंछ की ओर आ रहे थे। पुंछ से करीब 50 किलोमीटर पहले चंडीमढ़ के जंगल क्षेत्र में अचानक चलते वाहन का टायर फट गया और उसमें आग लग गई। चालक ने तुरंत वाहन सड़क किनारे रोक दिया, जबकि सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने उपमुख्यमंत्री को सुरक्षित बाहर निकालकर दूसरे वाहन में बैठा दिया। टायर बदलने के बाद वह पुनः अपने वाहन से पुंछ पहुंचे।

घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा, *हमें कबाड़ वाहन दिए गए हैं। यह तीसरी बार है जब मेरे साथ ऐसा हादसा हुआ है। हमें अच्छे वाहन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे, बल्कि जान से मारने की साजिश रची जा रही है।*

# राखी, राहत और रिश्ता : आपदा के बीच मानवीय संवेदनाओं का मार्मिक दृश्य

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को गुजरात की पर्यटक ने बांधी राखी

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : उत्तरकाशी जनपद के धराली क्षेत्र में आई आपदा के बाद राहत और बचाव कार्यों का निरीक्षण कर रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सामने शुक्रवार को एक अत्यंत भावुक कर देने वाला दृश्य सामने आया, जिसने वहां उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम कर दीं।



गुजरात के अहमदाबाद स्थित ईशनपुर निवासी श्रीमती धनगौरी बरौलिया अपने परिवार के साथ गंगोत्री दर्शन के लिए उत्तराखंड आई थीं। 5 अगस्त को आई भीषण आपदा के कारण वे धराली में अपने परिवार सहित फंस गईं। मार्ग अवरुद्ध होने और लगातार मलबा व तेज बहाव के कारण स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो गई थी। प्रदेश सरकार के निर्देशों पर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत व बचाव कार्य प्रारंभ किए गए। मुख्यमंत्री स्वयं तीन दिनों से लगातार क्षेत्र में मौजूद रहकर राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। रेस्क्यू टीमों के अथक प्रयासों से श्रीमती बरौलिया और उनके परिवार को सुरक्षित निकाला गया। रक्षाबंधन से पहले दिन जब मुख्यमंत्री प्रभावित क्षेत्र में मौजूद थे, तब श्रीमती बरौलिया ने भावुक होकर अपने दुपट्टे का एक टुकड़ा फाड़कर उसे राखी के रूप में मुख्यमंत्री श्री धामी को बांधा। यह दृश्य वहां उपस्थित सभी लोगों को गहराई से छू गया। मुख्यमंत्री ने भी इस भावनात्मक क्षण को विनम्रता से स्वीकार करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आपदा की इस घड़ी में हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। धराली जैसे दुर्गम क्षेत्र में मानवीय संवेदनाओं का यह दृश्य विपदा के बीच आशा, विश्वास और सामाजिक एकजुटता की मिसाल बना।

# ऑपरेशन धराली : 357 लोगों को रेस्क्यू किया गया, आठ सैनिक और 100 लोग अभी भी लापता

नई दिल्ली , उत्तराखंड के धराली और हर्षिल क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन धराली के तहत राहत और बचाव कार्यों की कमान संभाल रखी है। सेना के मुताबिक यहां अब तक 357 से अधिक नागरिकों को वायु और स्थल मार्ग से सुरक्षित निकाला गया है। इनमें से 119 को देहरादून एयरलिफ्ट किया गया। 13 सैनिकों को भी रेस्क्यू किया गया है। 2 नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। हालांकि 14 राज राइफल्स के 08 सैनिक व लगभग 100 नागरिक अभी भी लापता हैं। सेना के मुताबिक 7 अगस्त को कुल 68 हेलिकॉप्टर उड़ानें संचालित की गईं। इनमें भारतीय वायुसेना की 6, भारतीय सेना की 7 और नागरिक हेलिकॉप्टर की 55 उड़ानें शामिल हैं। सी–295 विमान के माध्यम से देहरादून, हर्षिल, मतली और धारासू के बीच हेलि–ब्रिजिंग जारी है। वहीं हेलिकॉप्टरों के जरिए राहत सामग्री, उपकरण और राहतकर्मी पहुंचाए जा रहे हैं,



साथ ही दुर्गम क्षेत्रों से नागरिकों को निकाला जा रहा है। भारतीय सेना की टुकड़ियां, इंजीनियर, मेडिकल टीमें, और खोजी कुत्ते राहत कार्य में जुटे हैं। एनडीआरएफ के 105 जवान और एसडीआरएफ के दल मौके पर सक्रिय हैं। आईटीबीपी की टीमें, जिनमें चिकित्सा अधिकारी भी शामिल हैं, धराली और हर्षिल में तैनात हैं। डॉक्टर्स, नर्सिंग असिस्टेंट्स, और कॉम्बैट मेडिक्स द्वारा बचाए गए लोगों को प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। सेना के साथ भारतीय वायुसेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, आईटीबीपी, बीआरओ और नागरिक प्रशासन मिलकर यह बहु–एजेंसी राहत अभियान चला रहे हैं। वर्तमान स्थिति की बात करें तो धराली अभी भी सड़क मार्ग से पूरी तरह कटा हुआ है, हालांकि सड़क साफ करने का कार्य लिमचिगाड़ तक पहुंच चुका है। एक बेली ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे शुक्रवार शाम तक पूरा कर लिए जाने की उम्मीद है। मतली और हर्षिल में फिलहाल मौसम साफ है, जबकि देहरादून में बादल और हल्की वर्षा के कारण कुछ हेलिकॉप्टर उड़ानें प्रभावित हुई हैं। भारतीय सेना के मुताबिक उनके द्वारा हर्षिल में एक संचार नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसमें वाई–फाई और सैटेलाइट कनेक्टिविटी उपलब्ध है। बीएसएनएल और एयरटेल द्वारा संचार सेवाओं की बहाली के प्रयास जारी हैं। उत्तरी भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग और 9 माउंटेन ब्रिगेड के कमांडर हर्षिल में मौजूद हैं और राहत कार्यों पर नजर बनाए हुए हैं। शुक्रवार को यहां लिमचिगाड़ में बेली ब्रिज का शुरू किया जाएगा, जिससे सड़क संपर्क बहाल हो सके। वहीं हवाई मार्ग से राहत सामग्री और उपकरणों की आपूर्ति जारी है। हर्षिल और आसपास के क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन जारी है। शेष बचे नागरिकों को आज हर्षिल से मतली और देहरादून तक एयरलिफ्ट किया जाएगा।


## कार और ट्रेलर की टक्कर में 4 लोगों की मौत, 5 घायल

कच्छ ,गुजरात के कच्छ में गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है, जहां चार लोगों की एक दुर्घटना में जिंदा जलकर मौत हो गई। यह घटना मालियुआ के पास स्थित सूरजबाड़ी पुल की है। बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात एक कार और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हुई थी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों में आग लग गई। गाड़ी में सवार चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई और 5 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इस हादसे की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी।

दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक चार लोगों की जान जा चुकी थी। दमकल विभाग ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और संभावित लापरवाही को हादसे का कारण बताया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है और मृतकों की पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# गुलदार ने महिला को बनाया निवाला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कालागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भिक्कावाला में गुलदार ने एक महिला को निवाला बना दिया। गांव में हुई घटना से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। भिक्कावाला निवासी सुरेंद्र सिंह रावत का खेत कालागढ़ की हेड़िया बस्ती निवासी कमल कुमार ने कटाई पर लिया हुआ था। कमल की पत्नी पूनम (35) खेत में घास काटने गई थी। बताया जाता है कि घास एकत्र करने के बाद जब पूनम घास को बांधने के लिए समीप ही गन्ने के खेत से पत्तियां लेने गई, उसी दौरान अचानक उस पर गुलदार ने हमला कर दिया। पूनम ने किसी तरह स्वयं को गुलदार के कब्जे से छुड़ाया व भागने का प्रयास किया। लेकिन, करीब पचास मीटर दूरी पर ही गुलदार ने पूनम पर फिर झपट्टा मार दिया, जिससे पूनम खेत में ही गिर पड़ी। इधर, पूनम के काफी देर तक घर न लौटने पर जब कमल खेत में पहुंचे तो वहां उन्हें



पूनम का अधखाया शव मिला। सूचना के बाद आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना के बाद अफजलगढ़ कोतवाली प्रभारी सुमित राठी मय फोर्स मौके पर पहुंचे। साथ ही बिजनौर वन प्रभाग की अमानगढ़ रेंज और नगीना रेंज के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बताना जरूरी है कि बीते अक्टूबर माह में भिक्कावाला निवासी टेकवीर सिंह नेगी पर गुलदार ने हमला किया था। जिसमें टेकवीर गंभीर रूप से घायल हुए थे, आक्रोशित ग्रामीणों ने गुलदार को डंडों से पीट कर मार डाला।

# घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर करें या देश से माफी मांगें राहुल गांधी: चुनाव आयोग

नई दिल्ली ,राहुल गांधी की ओर से चुनाव आयोग पर लगाए गए 'वोट चोरीझ् के गंभीर आरोपों पर आयोग ने सख्ती दिखाई है। चुनाव आयोग ने इस पूरे मामले की जांच करने के लिए राहुल गांधी से हलफनामा देने की मांग की है। सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग ने कहा कि यदि राहुल गांधी को अपने विश्लेषण पर भरोसा है और वे चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सच मानते हैं, तो उन्हें बिना किसी हिचकिचाहट के घोषणा–पत्र (डिक्लरेशन) पर हस्ताक्षर करने चाहिए। आयोग ने कहा कि यदि राहुल गांधी इस घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करते, तो इसका सीधा अर्थ होगा कि उन्हें अपने ही विश्लेषण और उसके आधार पर लगाए गए आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसे में, चुनाव आयोग के खिलाफ लगाए गए 'बेतुके आरोपोंझ् के लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार,




चुनाव आयोग ने आगे कहा है कि राहुल गांधी के पास अब केवल दो विकल्प हैं, या तो घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर करके अपने आरोपों को साबित करें, या फिर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए राष्ट्र से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगे करें। बता दें कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर चुनावों में हेराफेरी कर रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे संविधान की नींव 'एक व्यक्ति, एक वोटझ् के सिद्धांत पर टिकी है। इसलिए जब चुनाव होते हैं तो सबसे जरूरी सवाल यह है कि क्या सही लोगों को वोट डालने की अनुमति मिल रही है? क्या वोटर लिस्ट में फर्जी नाम जोड़े जा रहे हैं? क्या वोटर लिस्ट सटीक है? उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से लोगों में संदेह बढ़ता जा रहा है। उन्होंने पांच मुख्य बिंदु गिनाए और कहा कि भाजपा को कभी भी एंटी–इनकंबेंसी (विरोधी लहर) का सामना नहीं करना पड़ता। भाजपा को अप्रत्याशित और बड़ी जीत मिल जाती है। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल बार–बार गलत साबित हो जाते हैं।

## जो सलमान के साथ काम करेगा वो मरेगा, फायरिंग के बाद कपिल शर्मा को लॉरेंस गैंग की धमकी

नई दिल्ली , कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित रेस्टोरेंट कैप्स कैफे पर दो बार फायरिंग हो चुकी है। अब इस मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक कैप्स कैफे पर फायरिंग गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से करवाई गई है। सलमान खान से करीबी रखना कपिल शर्मा को महंगा पड़ रहा है। लॉरेंस ग्रुप के गैंगस्टर हैरी बॉक्सर ने एक ऑडियो में दावा किया गया है कि कॉमेडियन ने सलमान को नेटफ्लिक्स शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शोझ् सीजन 2 के पहले एपिसोड में बुलाया था। कपिल का सलमान खान को बतौर गेस्ट अपने शो पर बुलाना बिश्नोई गैंग को नागवार गुजरा है। इसका बदला लेने के लिए उनकी तरफ से कपिल के कैफे पर फायरिंग की गई। ऑडियो में धमकी देते हुए कहा है– 'जो सलमान के साथ काम करेगा वो मरेगा। ऑडियो में हैरी बॉक्सर ने पूरी इंडस्ट्री को धमकाते हुए कहा– कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर पहले और अब फायरिंग इसलिए हुई है क्योंकि इसने सलमान खान को अपने शो के उद्घाटन पर बुलाया था। अगली बार जो भी डायेक्टर, प्रोड्यूसर, कलाकार होगा, इन सबको वार्निंग नहीं देंगे। अब सीधी गोली चलेगी छाती पर। मुंबई सबको वार्निंग है सभी कलाकारों–प्रोड्यूसरों को। हम मुंबई का माहौल इतना खराब कर देंगे कि तुम लोगों ने सोचा भी नहीं होगा।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई, ठिकानों पर की रेड

पटना ,बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने जहानाबाद में पदस्थापित डीएसपी संजीव कुमार के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के केस में की गई है। यह मामला करीब डेढ़ करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति से जुड़ा है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट, पटना ने डीएसपी संजीव कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया था। यह मुकदमा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम–1988 की कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया। डीएसपी पर लगभग 1 करोड़ 52 लाख रुपए की अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है, जो उनके ज्ञात वैध स्त्रोतों से कहीं अधिक है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को अधिकारी के खिलाफ



एक्शन लिया। सुबह से ही पटना, खगड़िया और जहानाबाद स्थित उनके आवास और अन्य परिसरों में एक साथ छापेमारी की जा रही है। अदालत ने इस संबंध में सर्च वारंट जारी किया था। उसी आधार पर विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को छापा मारा। यह कार्रवाई डीएसपी स्तर के अधिकारियों के नेतृत्व में की जा रही है, जिसमें तीनों स्थानों पर टीमें सक्रिय हैं। हालांकि, इस छापेमारी में किसी बरामदगी और जब्ती को लेकर अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले, विशेष सतर्कता इकाई (एसवीयू) की कई टीमों ने इस साल जनवरी में पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रजनीकांत प्रवीण से जुड़े आधा दर्जन ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की थी। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के वसंत विहार इलाके में प्रवीण के आवास पर एक महत्वपूर्ण छापेमारी की गई। प्रवीण के घर से 1.87 करोड़ रुपए नकद बरामद होने की जानकारी सामने आई थी। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो–टॉलरेंस नीति अपनाई है। इसके तहत, एसवीयू की टीमें लगातार सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और राजनीतिक नेताओं पर सक्रिय रूप से नजर रख रही हैं।

## वोट चोरी के आरोप पर सियासी संग्राम

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल, भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली , लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोपों को लेकर सियासत तेज हो गई है। विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे पर आयोग को कठघरे में खड़ा किया, वहीं भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी के आरोपों पर पलटवार किया। राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी ने कहा, राहुल गांधी ने सबूत इक्ठा करने और कड़ी मेहनत के बाद देश के सामने तथ्य पेश किए। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा निर्वाचन क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा वोटों में अनियमितताएं हैं। स्थिति यह है कि वहां कुछ लोगों के पते के बारे में भी जानकारी नहीं है। पिता के नाम गायब हैं और अन्य गंभीर समस्याएं भी मिली हैं। यह एक गंभीर मामला है, जो दर्शाता है



कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। यह बार–बार कहा गया है और अब यह उजागर हो गया है कि निश्चित रूप से कुछ गड़बड़ है। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने कहा, यह कोई मजाक नहीं है और चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। यह एक महत्वपूर्ण मामला है और जैसा कि राहुल गांधी ने कल स्पष्ट रूप से कहा है कि यह लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश है। मेरा मानना है कि इस दिशा में कदम उठाए जा चुके हैं, लेकिन हम लोकतंत्र को बचाने के लिए सदन के अंदर और बाहर दोनों जगह लड़ते रहेंगे।

कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने कहा, जब तक यह मुद्दा हल नहीं हो जाता, हम विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे क्योंकि यह एक मौलिक अधिकार है। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के प्रत्येक भारतीय के पास मतदाता पहचान पत्र होना चाहिए। वे किसे वोट देते हैं, यह उनकी अपनी पसंद है और किसी को भी यह अधिकार छीनने का अधिकार नहीं है। चुनाव आयोग को भी नहीं। ये लोग चाहते हैं कि उनके अधिकार छीन लिए जाएं। कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों का जिक्र करते हुए कहा, बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी को संभव बनाने के लिए ही एसआईआर किया जा रहा है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह कदम राहुल गांधी के विस्तृत सबूतों का जवाब है। अब यह स्पष्ट है कि ऐसी अनियमितताएं संभवतः पूरे देश में हुई हैं।

राहुल गांधी के आरोपों पर भाजपा सांसद जगदीश शेट्टार ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी अनावश्यक रूप से समस्या खड़ी कर रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी पर अस्पष्ट आरोप लगा रहे हैं। यह पूरी तरह से गलत है। उन्होंने कल बैठक में कागजों का बंडल दिखाया। उन्होंने चुनाव आयोग के सामने इसे क्यों नहीं पेश किया?

## पंजाब पुलिस ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम किया

चंडीगढ़ ,पंजाब पुलिस की एंटी–गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया, जो पाकिस्तान में बैठे बब्बर खालसा अंतरराष्ट्रीय (बीकेआई) के सदस्य हरविंदर रिंदा और पाकिस्तान की सहायता से काम करने वाले आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा ने रची थी। पुलिस ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी।
पंजाब पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मुताबिक, विश्वसनीय मानवीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद, एजीटीएफ ने तरनतारन पुलिस के साथ मिलकर एक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान तरनतारन से एक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया गया, जो हरविंदर रिंदा के साथियों तक पहुंचने से पहले ही पकड़ा गया। इस उपकरण को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया, जहां इसे नियंत्रित विस्फोट के लिए तैयार किया गया। विस्फोटक निपटान टीम को बुलाया गया, जिसने संयुक्त प्रयासों से इस उपकरण को निष्क्रिय कर दिया।
पंजाब पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद तरनतारन के थाना सिरहाली में विस्फोटक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया।

# राहुल गांधी का ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण और बचकाना : रामभद्राचार्य

चित्रकूट ,चित्रकूट के तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के कथावाचक पर लगातार कमेंट करने पर निशाना साधा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने पर तंज कसते हुए उनके बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और बचकाना बताया। इसके अलावा जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव को कथावाचक पर लगातार टिप्पणी करने को लेकर भी घेरा। सपा प्रमुख के मनु महाराज पर दिए विवादित बयान पर उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को संस्कृत का एक भी अक्षर का ज्ञान नहीं है और उन्हें संस्कृत



आती तो मनु महाराज पर उल्टा–सीधा कमेंट नहीं करते। बता दें कि अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा था कि यह हजारों साल पुरानी लड़ाई है, एक कोई मनु महाराज आए थे, जिन्होंने गड़बड़ कर दी, जिनकी वजह से हम लोग बंट गए।

# सम्पादकीय

## आपदा में भी मजहबी नफरत

सोशल मीडिया ने आज हमारे जीवन में इस प्रकार से प्रवेश कर लिया है कि अब शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा जो इस प्लेटफार्म से जुड़ा हुआ नहीं है। एक तरफ जहां सोशल मीडिया के माध्यम से न्याय और समाज के उत्थान की बातें की जाती है तो वही यही वह प्लेट-फार्म है जो नफरतें भावनाएं भी फैलाने में पीछे नहीं है। हालांकि इसके लिए प्लेटफार्म को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता बल्कि जिम्मेदार वे लोग हैं जो इसका गलत प्रयोग कर रहे हैं। 5 अगस्त को उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में आई भयंकर प्राकृतिक आपदा के बाद यहां एक तरफ लाखों करोड़ों लोग क्षेत्र के लोगों की सलामती की दुआ कर रहे हैं तो वहीं एक वर्ग ऐसा भी था जो सोशल मीडिया के माध्यम से नफरतें उन्माद फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा था। धराली आपदा में सोशल मीडिया पर एक खास वर्ग के कुछ सोशल मीडिया हैंडलर द्वारा विभाजित पोस्ट डाली गई जिसमें इस समुदाय से जुड़े लोगों ने आपदा पर ऐसी टिप्पणी की है जो मानवता को शर्मसार करने वाली है। बेहद शर्मनाक है कि एक तरफ कई लोगों की जिंदगियां आफत में हो तो वहीं कुछ खास लोगों को इसमें धार्मिक आनंद एवं वैमनस्य उठाने का अवसर मिल गया है। उक्त पोस्ट पर और मर्यादित टिप्पणी करने के बाद इसकी शिकायत अधिकारियों तक पहुंची और अब कुछ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, लेकिन सबसे दुखद विषय यह है कि यह कैसे लोग हैं जो स्थिति के विपरीत चलते हैं। इन्हें मानवता और सामाजिक संवेदनाओं से शायद कुछ लेना देना ही नहीं है और ऐसे लोग जब समाज के लिए दीमक बनने लग जाए तो इनका ट्रीटमेंट करना भी बेहद जरूरी बन जाता है। यहां पुलिस के लिए भी सराहना करनी होगी जिसने धार्मिक उन्माद को उफान पर चढ़ने से पूर्व ही समय रहते सूझबूझ से नियंत्रित किया और तत्काल ऐसे लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आपदा में अवसर ढूंढने वाले ऐसे दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों की पहचान करना जरूरी है और यदि इनको ऐसे ही छोड़ दिया जाता तो न केवल इनके हौसले बुलंद होते बल्कि यह लोग समाज में वे मनुष्य और गंदगी फैलाने में भी अपनी भूमिका निभाते रहते।

# भारत के हथकरघाः विरासत बुन रहे हैं, भविष्य को सशक्त बना रहे हैं

**पवित्रा मार्गेरिटा**

राष्ट्रीय हथकरघा एक ऐसे क्षण का प्रतीक है जो भारत के अतीत को उसके भविष्य से धागे-दर-धागा, कहानी-दर-कहानी जोड़ता है। यह दिन 1905 के स्वदेशी आंदोलन का स्मरण कराता है, जब हाथ से बुना कपड़ा न केवल एक वस्त्र के रूप में, बल्कि प्रतिरोध, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान के एक सशक्त प्रतीक के रूप में उभरा। एक नई शुरुआत के रूप में प्रारंभ हुआ यह प्रतीक विरासत, कला और सामुदायिक अभिव्यक्ति के ताने-बाने में बदल गया।

हथकरघा क्षेत्र आज ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में 35 लाख से अधिक बुनकरों और संबद्ध श्रमिकों को रोजगार देता है, जिनमें से 72त्न महिलाएँ हैं। अपनी समृद्धि के कारण, यह क्षेत्र अब एक ऐसे दौर में खड़ा है, जहाँ इसे बिना किसी कमी के नवाचार, बिना किसी अभाव के तकनीक और बिना किसी हाशिए के आधुनिकीकरण की आवश्यकता है।

एक स्थायी विरासत

भारत में हथकरघा बुनाई की समृद्ध विरासत हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की प्राचीन सभ्यताओं से जुड़ी है। सहस्राब्दियों से, यह शिल्प फलता-फूलता रहा है और प्रत्येक क्षेत्र ने बुनाई, विशिष्ट तकनीकों, रूपांकनों और अर्थों का अपना तौर-तरीका विकसित किया है। असम के मुगा रेशम की सुनहरी चमक से लेकर प्रसिद्ध बनारसी रेशमी साड़ियों तक; कश्मीर की पश्मीना से लेकर तमिलनाडु की चमकदार कांजीवरम साड़ियों तक, भारत की हथकरघा परंपराएँ उतनी ही विविध हैं, जितने इसके लोग।

एक बुनकर के घर में, जहाँ करघा अक्सर रसोई या एक तरफ के आँगन के साथ जगह साझा करता है, प्रत्येक साड़ी या शॉल एक अनोखी कथा को संप्रेषित करने के लिए तैयार की जाती है। न्यूनतम तकनीक, लेकिन अधिकतम रचनात्मकता के साथ, बुनकर धागों को विरासत में बदल देते हैं। बिना सिले हुए कपड़े, जो भारतीय परिधानों के प्रतीक हैं, क्षेत्रीय अभिव्यक्ति, अनुष्ठानों और कहानी कहने के कैनवास बन गए हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के शब्दों में, हथकरघा भारत की विविधता और अनगिनत बुनकरों व कारीगरों की कुशलता को दर्शाता है।

पूवीत्तरः अवसरों का एक करघा

देश के कुल हथकरघा श्रमिकों में से लगभग 52त्न पूवीत्तर क्षेत्र में निवास करते हैंऔर 2019-20 की हथकरघा जनगणना के अनुसार, असम 12.83 लाख से अधिक बुनकरों और 12.46 लाख करघों के साथ देश में अग्रणी है। असम का मैनचेस्टर कहा जाने वाला सुआलकुची, पारंपरिक बुनाई उत्कृष्टता का प्रमाण है, जबकि धेमाजी जिले में मचखोवा जैसे विकासशील केंद्र इस क्षेत्र को और बढ़ावा देते हैं।

इसके सांस्कृतिक महत्व को समझते हुए, पूवीत्तर के लिए सरकार का समर्पित मिशन आदिवासी बुनाई को बढ़ावा देने, हथकरघा पर्यटन को प्रोत्साहित करने, निर्यात को सुविधाजनक बनाने और युवाओं को प्रशिक्षित करने पर केंद्रित है। इस क्षेत्र को एक वैश्विक डिज़ाइन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जहाँ प्राकृतिक रेशे, प्राचीन ज्ञान और आधुनिक उद्यमिता का संगम होता है। राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) के अंतर्गत, पूवीत्तर राज्यों के 123 छोटे समूहों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। शिवसागर में एक बड़ा हथकरघा समूह स्थापित किया गया है तथा इम्फाल पूर्व और सुआलकुची में ऐसी दो परियोजनाएँ चल रही हैं। इस क्षेत्र में लगभग 3.08 लाख बुनकरों ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत सार्वभौमिक एवं किफायती सामाजिक सुरक्षा के लिए नामांकन कराया है, जिनमें असम के 1.09 लाख बुनकर शामिल हैं।

**पुनरुद्धार से पुनरुत्थान तक**

पिछले 11 वर्षों में, वस्त्र मंत्रालय के कई विशिष्ट कार्यक्रमों के जरिये भारत के हथकरघा उद्योग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। समूह विकास पहलों, आधुनिक उपकरणों और ऋण तक पहुँच ने बुनाई



को घरेलू गतिविधियों से सूक्ष्म उद्यमों में बदलने में मदद की है।

राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) ने सूत की आपूर्ति, करघा उन्नयन, कार्य शेड निर्माण से लेकर आधुनिक उपकरणों तक पहुँच प्रदान करके शुरू-से-अंत तक सहायता सुनिश्चित की है। पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई जैसी योजनाओं से अत्यंत आवश्यक वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा मिली है। बुनकरों की मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और अतिरिक्त राशि (मार्जिन मनी) सहायता ने कार्यशील पूंजी तक पहुँच का विस्तार किया है।बुनकरों और उद्यमियों के लिए लागत कम करने और उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से, उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में हथकरघा पार्क स्थापित करने की योजना है। इन एकीकृत स्थानों में रंगाई इकाइयाँ, तुरंत शुरू करने योग्य (प्लग-एंड-प्ले) कार्यशालाएँ, डिजिटल प्रयोगशालाएँ, शोरूम तथा सौर ऊर्जा एवं अपशिष्ट पुनर्चक्रण जैसी सतत संरचनाएँ शामिल होंगी। साथ ही, निफ्ट, एनआईडी और अन्य डिज़ाइन संस्थानों के साथ साझेदारी में क्षेत्रीय स्तर पर डिज़ाइन और नवाचार केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहाँ डिज़ाइनर और बुनकर बुनाई के पारंपरिक सार का सह-निर्माण, संरक्षण और दस्तावेज़ीकरण करेंगे, और सांस्कृतिक डिज़ाइनों का ऑनलाइन संग्रह तैयार करेंगे। ये अभिनव कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर भारतीय हथकरघा के सौंदर्य और व्यावसायिक आकर्षण, दोनों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

तकनीक को अपनाना ज़रूरी है, लेकिन हथकरघा की आत्मा अक्षुण्ण रहनी चाहिए। अब एआई का उपयोग रुझानों की भविष्यवाणी और डिजिटल रंग चयन के लिए किया जा रहा है, जबकि ब्लॉकचेन उत्पाद का पता लगाना सुनिश्चित करता है और जालसाजी का मुकाबला करते हुए इस क्षेत्र को नए डिजिटल युग में ज़िम्मेदारी से आगे बढ़ाता है।

**संयोजन की पुनर्कल्पनाः ई-कॉमर्स और बाज़ार पहुँच**

विपणन और ई-कॉमर्स गेम-चेंजर के रूप में कार्य करेंगे। रणनीति सरल लेकिन क्रांतिकारी हैः बिचौलियों को खत्म करना, प्रचार के माध्यम से उपस्थिति बढ़ाना और बुनकरों को प्रारंभ से ही मंचों, प्रदर्शनियों और बाज़ारों से सीधे जोड़ना। इसी क्रम में, हथकरघा बुनकरों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) से जोड़ा जा रहा है और इंडियाहेंडमेड.कॉम एक पारदर्शी, शून्यकमीशन वाला मंच प्रदान कर रहा है, जो उचित पारिश्रमिक, वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजने की निःशुल्क व्यवस्था, आसान वापसी और सुरक्षित भुगतान विकल्प सुनिश्चित करता है।

इन प्रयासों के पूरक के रूप में, 106 हथकरघा उत्पादों को पहले ही भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किए जा चुके हैं, जो उनकी अनूठी क्षेत्रीय विरासत और शिल्प कौशल का सम्मान करते हैं। हथकरघा चिह्न और भारतीय हथकरघा ब्रांड के साथ, ये उपाय हाथ से बुने हुए उत्पादों की विशिष्ट पहचान को मज़बूत करते हैं, और खरीदारों को उनकी प्रामाणिकता, गुणवत्ता और पर्यावरण-अनुकूलता का आश्वासन देते हैं।

कौशल, सुरक्षा और स्थायित्व

आने वाला कल समावेशी क्षमता निर्माण पर निर्भर करता है। विशेष रूप से पारंपरिक तकनीकों के संरक्षण की दृष्टि से युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ जोड़े गए हैं – जिनमें स्वास्थ्य बीमा, शैक्षिक छात्रवृत्ति और बुनकरों के लिए पेंशन लाभ शामिल हैं।

साथ ही, पर्यावरण-अनुकूल रंग, कार्बन उत्सर्जन न करने वाले उत्पादन मॉडल और जीवन-चक्र मूल्यांकन इस क्षेत्र की स्थायित्व के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हैं, और भारतीय हथकरघा को वैश्विक हरित आंदोलन के साथ जोड़ते हैं। वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार की गई भारतीय हथकरघा क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन आकलनः विधियाँ और केस स्टडीज़ शीर्षक वाली नई रिपोर्ट, एक संदर्भ और मार्गदर्शिका दोनों का काम करती है, जो भारत के लिए अधिक स्थायी संस्करण का मार्ग प्रशस्त करती है। पारंपरिक हथकरघा प्रथाओं में पर्यावरणीय चेतना को समाहित करके, यह अध्ययन सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के प्रति वस्त्र मंत्रालय की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि हथकरघा मूल्य श्रृंखला न केवल जलवायु-सहनीय हो, बल्कि नैतिक उत्पादन, समान मजदूरी और सम्मानजनक आजीविका पर भी आधारित हो।

**भविष्य का मागः सतत, समर्थन, पैमाना**

भारत के हथकरघा क्षेत्र का दृष्टिकोण आंशिक रूप से सांस्कृतिक, आंशिक रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित और पूरी तरह से मानवीय है। महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में निर्यात में वृद्धि, नए रोजगार सृजित करना और विभिन्न समूहों के बुनकरों को डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण प्रदान करना शामिल है। भविष्य तीन स्तंभों पर टिका हैः आत्मा को बनाए रखना, निर्माता का समर्थन करना और पहुँच का विस्तार करना।

पारिश्रमिक से आगे बढ़ते हुए, इस क्षेत्र का उद्देश्य फेलोशिप, स्टार्टअप अनुदान और इनक्यूबेशन केंद्रों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देना है तथा विशेष रूप से अग्रणी युवाओं और महिलाओं को प्रोत्साहित करना है। ब्रांडिंग, मार्गदर्शन व सहायता और व्यवसाय विकास सहायता स्वामित्व-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देगी, जो सांस्कृतिक रूप से प्रामाणिक और व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक दोनों होंगे।

**भारत का हथकरघा क्षेत्र निरंतर विकसित हो रहा है...**

हथकरघा 2047 तक विकसित भारत की ओर हमारी यात्रा में एक प्रमुख प्रेरक शक्ति बना हुआ है, साथ ही देश के सांस्कृतिक लोकाचार को संरक्षित कर रहा है और स्थायित्व एवं विवेकपूर्ण उपभोग को बढ़ावा दे रहा है। प्रतिरोध के एक साधन से नवाचार के एक प्रकाश स्तंभ तक की यात्रा, हथकरघा के कालातीत महत्व को दर्शाती है, जो आने वाले युगों में एक शाश्वत छाप छोड़ती है। विरासत, नवाचार औरसामूहिक प्रयास को एक साथ बुनकर, भारत का हथकरघा क्षेत्र दुनिया को प्रेरित करने और देश में लाखों लोगों को सशक्त बनाने के लिए तैयार है। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने परिकल्पना की है, आइए हम हथकरघा को अपने दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाएँ और अपने पारंपरिक हथकरघा उत्पादों को वह दर्जा दें, जिसके वे हकदार हैं।

# कांग्रेस शासन काल में दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को आतंकवादी

**अजय दीक्षित**

2004 से 2014 के काल खंड में कांग्रेस के कुछ नेताओं ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और उसकी विचारधारा को मुस्लिम विरोधी आतंकवादी संगठन घोषित कराने के खूब प्रयास किए थे। इन नेताओं में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह, तत्कालीन गृह मंत्री पी चिदंबरम, सोनिया गांधी, असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई, अशोक गहलोत, कमलनाथ सरीखे नेता शामिल थे।इन लोगों ने भाजपा नेता और तत्कालीन एबीवीपी की राष्ट्रीय सचिव प्रज्ञा भारती,उमा भारती, अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जयभान सिंह पवैया, सांसद वीडी शर्मा, लाल कृष्ण आडवाणी, विनय कटिहार,आदि नेताओं को येन केन प्रकरण जेल भेज ने की साजिश की थी । कांग्रेस के नेता और सांसद अहमद पटेल

तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को निर्देश देते थे कि किसी भी हालत में इन नेताओं के खिलाफ कारवाही की जाय। मालेगांव ब्लास्ट, और गुजरात के गोदारा के बाद दंगों को उपकरण की तरह कांग्रेस सरकार ने इस्तेमाल किया।

मालेगांव ब्लास्ट में हाल ही में फैसला आया है कि आरोपी कर्नल पुरोहित, प्रज्ञा भारती के साथ सभी निदोष पाए गए हैं

प्रज्ञा भारती को तो जेल में इतनी यातनाएं दी गई कि वह हाफिज सईद है । गुजरात दंगों को लेकर तो तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को सीबीआई ने घंटों पूछताछ की । यहां तक कि तत्कालीन गृह मंत्री अमित शाह को तो जेल भेज दिया गया था। कांग्रेस शासन में कई एनजीओ खड़े कर दिए जो धन हड़प कर विभिन्न न्यायालय में याचिका दायर कर कहते थे कि गुजरात दंगे भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी सरकार ने कराए हैं।इतना ही नहीं किसी भी आरोपी को जमानत नहीं मिली ।दिल्ली में उस दौरान गुजरात दंगों, फसादों और मालेगांव ब्लास्ट को लेकर पीत पत्रकारिकता

भी हो रही थी। दिग्विजय सिंह ने एबटाबाद में मिले अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को महिमा मंडित किया।उस दौर में सोनिया गांधी ही सर्वेसर्वा थी और प्रधानमंत्री स्व मनमोहन सिंह काठ के पुतले थे ।इन दस साल में दिल्ली से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को पूरे देश में बदनाम करने की साजिश रची जा रही थी।यहां तक कि विद्याभारती के शिशु मंदिर,ग्राम भारती के अक्लभ्य विद्यालय भी निशाने पर थे। तत्कालीन समय में न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा था कि भारत में कांग्रेस की सरकार बहुसंख्यक समाज के खिलाफ है।देश चुनी हुई भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली सरकार को भेदभाव का शिकार बनाया गया था। हालांकि मनमोहन सिंह यह सब नहीं चाहते थे लेकिन वह मजबूर थे।केरल, पश्चिमी बंगाल,असम, नागालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर,में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं को घेर घेर कर मारा जा रहा था।

# 100 सीटों पर धांधली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दावा किया है कि पिछले लोक सभा चुनाव में करीब 100 सीटों पर धांधली हुई और इनमें से 15 सीटों पर धांधली नहीं हुई होती तो नरेन्द्र मोदी आज देश के प्रधानमंत्री नहीं होते।

कांग्रेस पार्टी के विधि, मानवाधिकार एवं आरटीआई विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विधिक सम्मेलन में राहुल गांधी ने दोहराया कि कर्नाटक में एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता सूची में हेरफेर के जो सबूत मिले हैं, वे एटम बम की तरह हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में इस बात का सबूत दिया जाएगा कि कैसे लोक सभा चुनाव में धांधली हुई। लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष पिछले कुछ दिनों से चुनाव में धांधली के दावे और आरोप लगा कर चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। उनका तो यहां तक कहना है कि वह तो 2014 से ही चुनाव प्रणाली को संदेह की नजर से देखते रहे हैं। उन्हें बारंबार लगा है कि प्रचंड जीत (भाजपा की) हासिल करने की क्षमता आश्चर्यजनक है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में जो हुआ, उसने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने के लिए उन्हें मजबूर कर दिया है। तमाम आरोपों और संदेहों के बरक्स चुनाव आयोग ने ज्यादातर मौकों पर अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी। राहुल गांधी के ताजा दावे पर भी चुनाव आयोग की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। चुनाव आयोग की चुप्पी के चलते अब विपक्ष यह बताने और साबित करने पर आमादा है कि चुनाव में धांधली को कैसे अंजाम दिया जाता है। बेशक, चुनाव आयोग के लिए प्रायः दुविधापूर्ण स्थिति दरपेश रहती है। पराजित पक्ष चुनावी धांधली का आरोप लगाने से नहीं चूकता।

# एक्शन से भरपूर मास जतारा की रिलीज डेट आउट



बहुप्रतीक्षित फिल्म मास जत्था आधिकारिक तौर पर 27 अगस्त यानी गणेश चतुर्थी के वीकेंड पर भरपूर मनोरंजन के साथ रिलीज़ होने के लिए तैयार है! विंटेज वाइब्स और पक्के कमर्शियल सेटअप के साथ, यह फिल्म सिनेमाघरों में एक सामूहिक उत्सव का अनुभव देने वाली है। अब तक रिलीज़ हुई हर फिल्म ने मनोरंजन का भरपूर तड़का लगाया है और एक धमाकेदार धमाके की ओर अग्रसर है। निर्माताओं ने हाल ही में पहला गाना रिलीज़ किया है, जिसे अपनी ज़बरदस्त ऊर्जा और ज़बरदस्त वाइब के लिए खूब वाहवाही मिली है। श्रीलीला इसमें मुख्य भूमिका में हैं और जब भी रवि तेजा और श्रीलीला की यह जोड़ी रिलीज़ होती है, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाना तय है।

चार्ट टॉपिंग और दर्शकों के पसंदीदा संगीत निर्देशक भीम्स सेसिरोलीओ ने एक बार फिर दर्शकों के दिलों पर राज करने वाला साउंडट्रैक तैयार किया है।

निर्देशक भानु भोगवरपु ने हर चीज़ को एक बेहतरीन सेटअप के साथ गढ़ा है और दर्शकों और प्रशंसकों को उस ऊर्जावान अवतार से बांधे रखने में कामयाब रहे हैं जिसे देखने के लिए हम सभी मास महाराज रवि तेजा से उत्साहित हैं। विधु अय्याना की सिनेमैटोग्राफी ने अब तक अपने दृश्यों के माध्यम से सभी जीवंत व्यावसायिक वाइब्स को उभारा है। और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता नवीन नूली के संपादन के साथ, आप जानते हैं कि यह फिल्म अपने लक्ष्य को छुएगी,

# सारे जहां से अच्छा का पहला पोस्टर जारी

अभिनेता प्रतीक गांधी पिछले कुछ समय से वेब सीरीज सारे जहां से अच्छा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान गौरव शुक्ला को सौंपी गई है। प्रतीक के अलावा इस सीरीज में सनी हिंदुजा, सुहैल नैय्यर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने सारे जहां से अच्छा का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें प्रतीक और सनी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। सारे जहां से अच्छा का प्रीमियर 13 अगस्त, 2025 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने वाला है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, प्रतीक गांधी और सनी हिंदुजा एक गुप्त जंग में जासूस बने हैं। ओवर एंड आउट। यह वेब सीरीज 1970 के दशक की राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल के दौर को पृष्ठभूमि बनाकर तैयार की गई है।

# पाकिस्तान क्रिकेट में आया भूचाल, युवा खिलाड़ी हैदर अली इंग्लैंड में गिरफ्तार

नईदिल्ली,पाकिस्तान क्रिकेट में उस समय नया भुचाल आ गया जब ये खबर सामने आई कि 24 वर्षीय युवा खिलाड़ी हैदर अली यूके की ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने आपराधिक मामले में गिरफ्तार कर लिया है. लेकिन बाद में उनका पासपोर्ट जब्त करके जमानत पर रिहा कर दिया गया. हैदर अली के खिलाफ ये कार्रवाई किस वजह से की गई है, इस बारे में अभी तक पुष्टि नहीं हो सकी है. हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट में ये दावा किया गया है कि उन पर बलात्कार का आरोप है.

बताया जा रहा है ये घटना उस समय की है जब पाकिस्तान की ए टीम पाकिस्तान शाहीन इंग्लैंड के दौरे पर गई थी. जहां उन्होंने 17 जुलाई से 6 अगस्त तक इंग्लैंड की ए टीम से दो तीन दिवसीय मैच खेले, जो दोनों ड्रॉ रहे. जबकि तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला 2-1 से पाकिस्तान शाहीन ने अपने नाम कर ली



थी. जब इस घटना की जानकारी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को दी गई तो उन्होंने तुरंत हैदर अली को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया, और कहा कि ये निलंबन जांच पूरी होने तक जारी रहेगी. पीसीबी ने एक बयान में कहा, पीसीबी को ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस द्वारा क्रिकेटर हैदर अली से जुड़ी एक आपराधिक जांच के बारे में जानकारी दी गई है. यह जांच पाकिस्तान शाहीन के हालिया इंग्लैंड दौरे के दौरान हुई एक घटना से संबंधित है.

बयान में आगे कह गया, पीसीबी यूनाइटेड किंगडम की कानूनी प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं का पूरा सम्मान करता है, इस जांच में वो मैनचेस्टर पुलिस का पूरा सहयोग करेगा और हैदर को केस लड़ने में कानूनी मदद भी करेगा. ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस ने हैदर अली को कैंटरबरी में एक पाकिस्तानी मूल की लड़की के साथ बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया है. रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि गिरफ्तार होने के बाद हैदर रो पड़े थे और पूछताछ के दौरान उन्होंने खुद को निदोष बताया.पाकिस्तान के इस युवा बल्लेबाज ने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया. अपने करियर की शानदार शुरुआत के बावजूद, हाल के वर्षों में हैदर का फॉर्म अच्छा नहीं रहा है. जिसकी वजह से उन्हें टीम से बाह कर दिया गया. उन्होंने अब तक वो दो वनडे और 35 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है. उन्होंने 2020 में दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान के लिए अंडर-19 विश्व कप खेला था, जहां से भारत के यशस्वी जायसवाल भी उभरे थे.

# ऋ तिक रोशन-जूनियर एनटीआर की वॉर 2 के रनटाइम का हुआ खुलासा

अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित एनटीआर-ऋ तिक रोशन की वॉर 2 14 अगस्त 2025 को रिलीज़ के लिए तैयार है। वॉर 2 ने सेंसर की औपचारिकताएँ पूरी कर ली हैं। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एनटीआर और ऋतिक रोशन की एक्शन से भरपूर फ़िल्म का फ़िल्म प्रेमी बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं।

फ़िल्म के प्रचार ने पहले ही फ़िल्म प्रेमियों में काफ़ी दिलचस्पी पैदा कर दी है। इस बीच, ख़बरें आ रही हैं कि वॉर 2 ने सेंसर की औपचारिकताएँ पूरी कर ली हैं। सेंसर बोर्ड के सदस्यों ने फ़िल्म को यू/ए प्रमाणपत्र दे दिया है। फ़िल्म की अंतिम अवधि 3 घंटे 5 मिनट है।वॉर 2 में ऋतिक एक बार फिर मेजर कबीर धालीवाल की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म हिट फिल्म वॉर का सीक्वल है और एनटीआर की पहली बॉलीवुड फिल्म है।वे



नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे। यह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की सबसे महंगी फिल्म बताई जा रही है। इसकी लागत करीब 400 करोड़ रुपये है। फिल्म में कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म की शूटिंग स्पेन, इटली और अबू धाबी में भव्य तरीके से की गई है और यह बहुचर्चित वाईआरएफ स्पाई वर्स का हिस्सा है।इसका साउंडट्रैक प्रीतम ने तैयार किया है ।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट को लगा बड़ा झटका, 21 साल बाद टीम से अलग हुए महान सदस्य बॉब कार्टर

नईदिल्ली,न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम इन दिनों जिम्बाब्वे में है, जहां वो दूसरा टेस्ट मैच खेल रही है. पहले दिन की समाप्ति पर न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को 125 पर ऑल आउट करने के बाद 1 विकेट पर 174 रन बना लिया है. पहले टेस्ट मैच में मेजबान टीम को 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. इस बीच न्यूजीलैंड क्रिकेट से एक दुखद खबर ये सामने आ रही है कि 2004 में कीवी टीम से जुड़ने वाले बॉब कार्टर 21 साल बाद टीम से अलग होने का ऐलान कर दिया है. इन दिनों वो न्यूजीलैंड क्रिकेट में हाई परफॉर्मेंस कोच के पद पर काम कर रहे थे. न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार, 8 अगस्त को बताया कि लंबे समय से न्यूजीलैंड क्रिकेट के हाई परफॉर्मेंस कोच रहे बॉब कार्टर अपने 21 साल के कार्यकाल से सेवानिवृत्त हो रहे हैं. न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा, 2004 में सहायक ब्लैककैप्स कोच के रूप में न्यूजीलैंड क्रिकेट में शामिल हुए कार्टर लगभग 21 साल बाद टीम से अलग होने के लिए तैयार हैं.

# डब्ल्यूएफआई का बड़ा ऐक्शन! 11 पहलवानों को किया निलंबित

नईदिल्ली,भारतीय कुश्ती महासंघ ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जमा करने के आरोप में 11 पहलवानों को निलंबित करके एक सख्त कदम उठाया है. यह कदम दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा कुल 110 दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उठाया गया है. इससे पहले दिल्ली की पहलवान रितिका के पिता ने आयु-वर्ग प्रतियोगिताओं की निष्पक्षता पर चिंता जताई थी. बता दें कि कुश्ती जगत में उम्र संबंधी धोखाधड़ी का यह पहला मामला नहीं है. इससे पहले भी एथलीटों द्वारा फर्जी आयु प्रमाण पत्र जमा करने के मामले सामने आ चुके हैं. एक रिपोर्ट ने इसकी पुष्टि की है और डब्ल्यूएफआई के एक अधिकारी ने कहा कि ये अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है.



अधिकारी ने कहा, हमने पहले ही कुछ कदम उठाए हैं और आगे भी जरूरी कदम उठाएंगे. डब्ल्यूएफआई एक साफ-सुथरी व्यवस्था चाहता है जहां किसी भी पहलवान के साथ अन्याय न हो. किसी को भी कोई अनुचित लाभ नहीं मिलना चाहिए.एमसीडी ने पाया कि इनमें से 95 प्रमाण पत्र उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के आदेश पर जारी किए गए थे और 11 प्रमाण पत्र फर्जी, फोटोशॉप्ड या डिजिटल रूप से छेड़छाड़ किए हुए पाए गए, जिसके बाद उन्होंने ये प्रमाण पत्र डब्ल्यूएफआई को भेज दिए. रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि ये फर्जी प्रमाण पत्र सक्षम, मनुज, कविता, अंशु, आरुष राणा, शुभम, गौतम, जगरूप धनखड़, नकुल, दुष्यंत और सिद्धार्थ बालियान के हैं. पहचाने गए 11 फर्जी प्रमाण पत्रों में से छह दिल्ली के नरेला क्षेत्र से, दो नजफगढ़ से, और एक-एक रोहिणी, सिविल लाइंस और सिटी क्षेत्र से थे. डब्ल्यूएफआई ने पुष्टि की है कि छह पहलवानों को 7 अगस्त को निलंबन नोटिस जारी किया गया था,

## एक नजर

### चांदी की राखियों की बढ़ी डिमांड

श्रीनगर गढ़वाल : भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार को लेकर श्रीनगर के बाजारों में रौनक लौट आई है। महिलाएं राखी, मिठाई और उपहार खरीदने के लिए बाजारों में उमड़ रही हैं। हालांकि इस बार मिठाइयों के दामों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी जा रही है, जबकि राखियों के दाम स्थिर बने हुए हैं। घेवर, लड्डू, बर्फी और मिल्क केक जैसी मिठाइयों की कीमतों में पिछले वर्ष की तुलना में खासा उछाल आया है। जैन मिष्ठान भंडार के संचालक विवेक जैन के अनुसार, इस बार घेवर की कीमत 460 से 500 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। वहीं अन्य मिठाइयों में भी 10 से 15 प्रतिशत तक महंगाई दर्ज की गई है। गिफ्ट राखियों के साथ-साथ इस बार चांदी की राखियों को भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं। ज्वेलर्स सुरेंद्र चौहान और राजीव विश्नोई ने बताया कि चांदी की राखियां 550 से 1500 रुपये तक बिक रही हैं। ये खास तौर पर भाई-भाभी के लिए डिजाइन की गई हैं और आकर्षक पैकिंग में उपलब्ध हैं। राखियों के थोक विक्रेता सागर अग्रवाल ने बताया कि बाजार में राखियों के दाम इस वर्ष भी पिछले वर्ष के समान हैं। राखियां 10 रुपये से लेकर 700 रुपये तक की रेंज में उपलब्ध हैं।(एजेंसी)

### अतिवृष्टि से कल्जीखाल ब्लॉक के कई गांवों में भारी नुकसान

**जयन्त प्रतिनिधि।** पौड़ी : पिछले दिनों लगातार हुई बरसात से विकासखंड कल्जीखाल के कई गांवों में भारी नुकसान हुआ है। अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे है। खंड विकास अधिकारी गंगा प्रसाद लखेड़ा ने बताया कल्जीखाल ब्लॉक के कई गांवों से सरकारी एवं गैर सरकारी संपदा को भारी क्षति होने की सूचना मिली थी। जहां कहीं जगहों में खंडविकास अधिकारी स्वयं घटना स्थल पर औचिक निरीक्षण करने गए, जबकि कई गांवों का अधीनस्थ अधिकारियों ने दैवीय आपदा से हुई क्षति के निरीक्षण किया। घंडियाल स्थित श्रीमती लज्जू देवी के घर आंगन में बादल फटने से आवासीय भवन को खतरा बना हुआ है। लज्जू देवी को मकान खाली करने को कहा गया है। डांगू गांव में राजपाल पटवाल के घर के आंगन की दीवार ढहे गई। वहीं थापली में जगदीश लाल के घर के पास जन संपर्क मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। कूटकुंडई में जगमोहन रावत का आंगन का पुस्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। दोलिंडा गांव में भी एक आवासीय मकान का पुस्ता क्षतिग्रस्त हो रखा है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि दैवीय आपदा के तहत सभी क्षेत्रों में हुई क्षतिपूर्ति के लिए संबंधित अधिकारियों को जांच के लिए निर्देश कर दिए है।

### बीजेपी ने जारी की ब्लाक प्रमुख के दावेदारों की सूची

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : भारतीय जनता पार्टी ने पौड़ी जिले के 15 ब्लाक के लिए प्रमुखों की अधिकृत सूची जारी कर दी है। सूची के जारी होते ही यहां दावेदारों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। पार्टी ने अब तक कल्जीखाल की ब्लाक प्रमुख रही बीना राणा को द्वारीखाल से तो थलीसैंण की ब्लाक प्रमुख मंजू देवी को इसी ब्लाक से अधिकृत करते हुए ब्लाक प्रमुख चुनाव के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष कमल किशोर ने बताया है कि पार्टी की चुनाव समिति की ओर से ये सूची जारी की गई है। सूची के अनुसार पौड़ी ब्लाक प्रमुख की सामान्य सीट पर विनोद भंडारी, कोट एससी सीट के लिए गणेश कुमार, कल्जीखाल एससी महिला के लिए गीता देवी, खिर्सू सामान्य सीट के लिए अनिल भंडारी, थलीसैंण ब्लाक प्रमुख महिला सीट के लिए मंजू देवी, पाबौ महिला सीट के लिए लता देवी, पोखड़ा सामान्य सीट के लिए धर्मेंद्र सिंह, एकेश्वर सामान्य पर सीमा सजवाण, बीरोंखाल महिला सीट के लिए सरिता पोखरियाल, यमकेश्वर महिला सीट पर सीता चौहान, द्वारीखाल महिला सीट पर बीना राणा, दुगड्डा सामान्य सीट के लिए सूरज राणा, नैनीडांडा महिला सीट के लिए प्रर्कीण नेगी, जयहरीखाल सामान्य सीट के लिए रणवीर सजवाण को अधिकृत किय गया है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने किया दुकानों का निरीक्षण

पौड़ी : रक्षाबंधन त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों का निरीक्षण किया। अचानक हुई कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने खाद्य पदाथों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे। खाद्य आपूर्ति विभाग के सहायक आयुक्त अजब सिंह रावत ने बताया कि जिले भर में विभाग की टीम द्वारा दुकानों की सघन चेकिंग की जा रही है। शुक्रवार को शहर के एजेंसी चौक, कोटद्वार रोड, धारा रोड, अपर बाजार में एक दर्जन से अधिक दुकानों का निरीक्षण किया गया।

# रक्षाबंधन पर बाजार में रही भीड़, जाम हुई व्यवस्था



रक्षाबंधन पर्व के चलते नजीबाबाद चौराहे में लगा वाहनों का जाम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व कोटद्वार बाजार में खूब चहल-पहल देखने को मिली। सुबह से ही बाजार में खरीददारों की भीड़ उमड़ी हुई थी। इस दौरान शहर में जगह-जगह जाम की स्थित देखने को मिली। स्टेशन में भी पहाड़ व मैदान को आवागमन करने वाले यात्रियों की भीड़ देखने को मिली। वाहन की तलाश में यात्री इधर से उधर भटकते हुए नजर आए।

## मैदान व पहाड़ को आवागमन करने वालों की उमड़ी भीड़

आज सुबह 5.45 से दोपहर डेढ़ बजे तक रक्षाबंधन का मुहूर्त है। ऐसे में शहरवासियों ने एक दिन पूर्व रक्षाबंधन की तैयारियों को लेकर खरीदारी की। वहीं दिल्ली, देहरादून, गुरुग्राम सहित अन्य मैदानी क्षेत्रों में नौकरी करने वाले युवा भी वीकेंट से एक दिन पहले ही गांव रक्षाबंधन त्योहार मनाने पहुंच रहे हैं। यही कारण है कि शुक्रवार को कोटद्वार बस अड्डे में यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

पर्वतीय क्षेत्रों व मैदानी क्षेत्रों के लिए संचालित होने वाली बसों में सीट के लिए मारामारी देखने को मिली। सबसे अधिक परेशानी बजुर्ग व बच्चों के साथ यात्रा करने वाले लोगों को उठानी पड़ी। पहाड़ के कई रूटों पर आवागमन करने के लिए यात्रियों को निजी वाहन बुक करने पड़े।

## रेंग-रेंग कर चले वाहन

रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में लोग खरीददारी करने के लिए बाजार पहुंच रहे थे। सुबह से ही सड़कों पर जाम की स्थिति बन रही थी। हालांकि, पुलिस कर्मी लगातार व्यवस्थाओं को सुधारने के प्रयासों में जुटे हुए थे। सड़क पर जगह-जगह घूमती रेहड़ी, ठेली व सड़कों पर सजी दुकानें जाम का मुख्य कारण बन रही थी। वहीं, शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से भी समस्याएं बढ़ रही थी।

# तनवी रावत ने बनाई सबसे सुंदर राखी



आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : डीएवी पब्लिक स्कूल में राखी पर्व से एक दिन पूर्व विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस दौरान राखी निर्माण प्रतियोगिता में तनवी रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही मेहंदी प्रतियोगिता में अलीना प्रवीन व खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बलभद्रपुर स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही गायत्री मंच के साथ ही हरिश्चंद्र शस्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया। इस दौरान विद्यालय में यज्ञ भी किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की राखियों का भी निर्माण किया। मेहंदी प्रतियोगिता में अलीना प्रवीन व खुशी प्रथम, सृष्टि द्वितीय व प्रिया और खुशी तृतीय रही। राखी निर्माण में तनवी रावत, रीदिमा रावत, मृणालिनी शर्मा प्रथम, द्वितीय एवंत तृतीय रहे। सदनवार मेहंदी कला प्रतियोगिता में हिमलायन सदन, शिवालिक सदन, अरावली सदन प्रथम द्वितीय तृतीय रहे। जबकि, राखी निर्माण में शिवालिक सदन, नीलगिरी सदन, अरावली सदन प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहा।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि बेचने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत घमंडपुर क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि बेचने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम घमंडपुर निवासी विकास पुत्र स्व. चंद्रमोहन की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। विकास का कहना है कि वह कृष्णा नगर, रूड़की में रहते हैं व घमंडपुर में उनकी पैतृक भूमि है। बताया कि उनके पिता चंद्रमोहन की मृत्यु के उपरांत उनके नाम दर्ज 0.575 हेक्टेयर भूमि उनके साथ ही उनके भाईयों व माता के नाम पर दर्ज हुई व प्रत्येक के हिस्से में 0.144 हेक्टेयर भूमि आई। बताया कि उन्हें छोड़ अन्य भाईयों ने अपने हिस्से की भूमि विक्रय कर दी। साथ ही उनकी माता के नाम भी मात्र 0.032 हेक्टेयर भूमि आई। तहरीर में कहा गया है कि 2015 में कुछ लोगों ने उनके नाम दर्ज भूमि के कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छल-कपट से बैनामा ले-देकर अपने नाम कर दिया। साथ ही कूटरचित बयनामों के आधार पर दाखिल-खारिज अपने नाम करवा कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कर दिया। कोतवाली प्रभारी रमेश तनवार ने बताया कि मामले में दी गई तहीर के आधार पर बृजमोहन, मनोज, विकास, रविंद्र, सरस्वती देवी, तीरथ सिंह, उपेंद्र, छिद्दर, पूजा, हरेंद्र व कौशल्या के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## मानसिक स्वास्थ्य कमेटी के समन्वयक बनें प्रो. पाण्डेय

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढवाल विवि में छात्रों और शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य, लचीलापन और कल्याण को बढ़ावा देने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में विवि कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के निर्देशन पर कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी गठन से संबंधित गढ़वाल विवि के कुलससचिव प्रो. राकेश कुमार ढोड़ी ने आदेश जारी किए हैं, जिसमें मनोविज्ञान विभाग की प्रो. मंजू पाण्डेय को कमेटी का समन्वयक बनाया गया है, जबकि चौरास परिसर के निदेशक प्रो. राकेश सिंह नेगी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कमेटी में फार्मास्युटिकल विभाग के प्रो. अजय गजानन नामदेव, समाजशास्त्र विभाग के प्रो. जेपी भट्ट, योग विभाग की डॉ. अनुजा रावत, शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. मुकुल पंत, शिक्षा विभाग के डा. अमरजीत, डॉ. कविता भट्ट, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. सुरेंद्र सिंह बिष्ट, एसआरटी टिहरी कैंपस के निदेशक, बीआरजी पौड़ी कैंपस के निदेशक आदि को कमेटी का सदस्य बनाया गया है। (एजेंसी)

# गढ़वाल की लक्ष्मीबाई वीर तीलू रौतेली के योगदान को किया याद

कोटद्वार : वीर तीलू रौतेली के जन्मदिन पर बीरबाला तीलू रौतेली विचार मंच की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिथियों व मंच के सदस्यों ने वीर तीलू रौतेली के योगदान को याद किया। कहा कि गढ़वाल की लक्ष्मीबाई वीर तीलू रौतेली के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

बीरबाला तीलू रौतेली विचार मंच की ओर से नजीबाबाद चौराहे में तीलू रौतेली की प्रतिमा के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व महापौर हेमलता नेगी ने तीलू रौतेली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि शक्ति और शौर्य की त्रिवेणी कही जाने वाली तीलू रौतेली मात्र 15 वर्ष की आयु में रणभूमि में उतरीं। अपने पिता और भाइयों की


वीर तीलू रौतेली के प्रतिमा पर माल्यार्पण करती विस अध्यक्ष

शहादत के बाद, तीलू ने गढ़भूमि पर हो रहे आक्रमणों का प्रतिकार करते हुए लगातार सात युद्ध लड़े। उन्होंने दुश्मनों को परास्त किया और गढ़राज्य की रक्षा की। तीलू रौतेली केवल एक ऐतिहासिक पात्र नहीं, बल्कि उत्तराखंड की अस्मिता, स्वाभिमान और साहस की प्रतीक हैं। जिस उम्र में बच्चियां खेलती हैं, उस उम्र में उन्होंने तलवार थामी और रणभूमि में अद्वितीय पराक्रम दिखाया। ह्लरानी लक्ष्मीबाई की तरह ही तीलू रौतेली भी इतिहास की वो शेरनी थीं, जिनका नाम आज भी गढ़वाली जागरों में गूंजता है। हमें गर्व है कि हम उस धरती के वासी हैं, जिसने तीलू जैसी बेटी को जन्म दिया।ह्व इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष बीना रावत, महेंद्र सिंह रावत, जयवीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने याद किया स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों का योगदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अगस्त क्रांति, अंग्रेजों भारत छोड़ों आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ पर जिला कांगेस कमेटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के योगदान को याद किया।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आठ अगस्त 1942 को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक मुंबई ग्वालियर टैंक मैदान में की गई। जिसमें अंग्रेजो भारत छोड़ो, अगस्त क्रांति आंदोलन को मंजूरी दी गई। साथ ही 9 अगस्त 1942 को पूरे देश में महात्मा गांधी की ओर से राष्ट्रीय ध्वज फहराने की घोषणा की गई। साथ ही करो या मरों व हम या तो स्वतंत्रता प्राप्त करेंगे या जाने देंगे का नारा भी दिया गया। बताया कि इसके बाद कई लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। बताया कि मुंबई सिटी कांग्रेस की सचिव अरूणा आसिफ अली ने ग्वालियां टैंक मैदान में तिरंगा लहराया था।



कार्यक्रम में स्वतंत्रता सैनानियों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

कहा कि देश को आजाद करवाने के लिए दिए गए सैनानियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह रावत, रंजना रावत, प्रदीप नेगी, रमेश चंद्र खंतवाल, प्रेम सिंह पयाल, गोकुल सिंह नेगी, रणवीर सिंह रावत, विनोद रावत, लक्ष्मी चौहान, महावीर सिंह नेगी, मनोज बिष्ट, बलवीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

## गढ़वाल विवि के छात्रों ने बनाई सुंदर राखियां

श्रीनगर गढ़वाल : कार्यशाला की संयोजक, शिक्षा विभाग की प्रो. सीमा धवन ने बताया कि 'हर घर तिरंगा अभियान के तहत छात्रों द्वारा राखियां बनाई जा रही हैं, जिन्हें रक्षाबंधन के पर्व पर सुरक्षा गार्डों, पुलिस कर्मियों और सुरक्षा बलों को बांधा जाएगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि 'आजादी का हर घर तिरंगा अभियान 2025 का उद्देश्य नागरिकों को प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। कार्यशाला के सह संयोजक डॉ. शंकर सिंह ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से जन-जन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही राष्ट्र के प्रति युवाओं के कर्तव्यों की समझ को विकसित कर उन्हें देश की प्रगति में भागीदार बनाना और वैश्विक चुनौतियों का सक्षमता से सामना करने के लिए तैयार करना भी उद्देश्य है।

## नई दिल्ली में मिला बालक, खुद को पौड़ी गढ़वाल का बता रहा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : नई दिल्ली में एक नाबालिग बालक मिला है। बालक खुद को जनपद पौड़ी गढ़वाल के थलीसैंण ब्लॉक क्षेत्र का निवासी बता रहा है। वर्तमान में बालक नशा मुक्ति केंद्र दरियागंज नई दिल्ली में रह रहा है। प्राप्त सूचना के अनुसार रोहित नाम का 14 वर्षीय बालक, पिता का नाम विक्की सैवियो बताते हुए स्वयं को उत्तराखंड, जनपद पौड़ी गढ़वाल (थलीसैंण क्षेत्र) का निवासी बता रहा है। फिलहाल यह बालक नशा मुक्ति केंद्र, दरियागंज, नई दिल्ली में रह रहा है और उसे अपने घर का पूरा पता याद नहीं है। सूचना मिलते ही जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन पौड़ी एवं अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई शुरू की गई। साथ ही बालक के संबंध में जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम, आपदा प्रबंधन विभाग, सीडीपीओ कार्यालय और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी प्रेषित कर दी गई है। जिला परिवीक्षा अधिकारी अरविंद कुमार, पौड़ी गढ़वाल ने बताया कि बालक की पहचान एवं पुनर्वास हेतु जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा यदि कोई व्यक्ति इस बालक रोहित को पहचानता है या उसके परिवार के बारे में कोई जानकारी रखता है, तो तत्काल 9599877551, चाइल्ड हेल्पलाइनः 1098, एवं कार्यालय चाइल्डलाइन, पौड़ी 01368-297140 नंबरों पर संपर्क करें। जिला परिवीक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन और चाइल्डलाइन टीम बालक को उसके परिवार से मिलाने और सुरक्षित पुनर्वास के लिए सतत प्रयासरत है।

# सेना के जवानों को विद्यार्थियों ने बांधी राखी


सैनिकों को राखी बांधती छात्राएं

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बलूनी पब्लिक स्कूल, तल्ला मोटाढाक की छात्राओं ने गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट सेंटर, कौड़िया कैंप में तैनात फौजी भाइयों को राखी बांधी।

विद्यालय की छात्राएं एवं अध्यापिकाएं सैनिकों के सम्मान में उन्हें राखी बांधने रेजीमेंट सेंटर पहुंची, जहां उन्होंने अपने हाथों से राखियां बांधकर सैनिकों को मिठाई खिलाई और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की कामना की। इस अवसर पर छात्राओं ने देशभक्ति गीत और आत्मीय शब्दों के माध्यम से सैनिकों के प्रति अपना प्रेम व आभार प्रकट किया। वहीं सैनिकों ने भी छात्राओं को उपहार देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय की निदेशिका अभिलाषा भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 104-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 | 105-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 | 118-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 | 124-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 | 137-DRM-MB-25-26 DATE 08.08.2025 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Zone Work General annual repair work at staff quarters from km 1186 to 1235 including wood and road work for 2025-2026 in the section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN | Zone Work General annual repair work at service building from km 1186 to 1235 including wood and road work for 2025-2026 in the section of SSE/W/RAC under ADEN/SPN | At welding of rail in situ with single shot crucible fitted as per RDSO specification in connection with track renewal works in the section of Sr. DEN/III/MB | Provision of Divyang friendly toilets at road side stations (D & E Category Stations) & at goodshed under jurisdiction of Sr. DEN-III/MB. | Zone No-3 from km 1327 to 1381 (DAN to MPH Stations) for General work in Service Buildings for 2025-2026 under ADEN/BE. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 01.09.2025 at 16:00 Hrs | 01.09.2025 at 16:00 Hrs | 01.09.2025 at 16:00 Hrs | 01.09.2025 at 16:00 Hrs | 01.09.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | 89,99,622.93 | 69,94,052.79 | 88,07,606.17 | 1,28,24,099.80 | 78,64,078.42 |
| धरोहर राशि | 1,80,000.00 | 1,39,900.00 | 1,76,200.00 | 2,14,100.00 | 1,57,300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 18.08.2025 | 18.08.2025 | 18.08.2025 | 18.08.2025 | 18.08.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months | 12 Months | 08 Months | 12 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 08.08.2025 2435/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## सहायक अभियन्ता (विद्युत), कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, परिमण्डल पौड़ी, तहसील रोड़, निकट गैस गोदाम, पौड़ी।

e-mail: aeelectricalpauri@gmail.com

पत्रांक 100 / ग्रा0नि0वि0/निविदा-सूचना/2025-26 दिनांक 08/08/2025

### "निविदा आमन्त्रण सूचना"

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से विभाग में विद्युत कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों की निविदा दिनांक 22.08.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन उपरान्ह 2:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या मनोनीत अधिकारी द्वारा इस कार्यालय में खोली जायेंगी। इन कार्यों की निविदायें कार्यालय दिवसों में ठेकेदारों को दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 21.08.2025 की सांय 4:00 बजें तक परिमण्डल कार्यालय पौड़ी में धरोहर धनराशि प्रस्तुत करने के उपरान्त ही विक्रय की जाऐंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जनपद/ विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST | निविदा आमन्त्रित करने की संख्या | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत विकासखण्ड पौड़ी के विकास भवन में सुदृढ़ीकरण मरम्मत कार्य। | पौड़ी/ पौड़ी | 9.95 | 30,000.00 | नि0मू0-1000 GST-180 पृथक-पृथक | प्रथम बार | 02 माह | मूल निर्माता /अधिकृत विक्रेता | 30 दिन |

सहायक अभियन्ता (विद्युत),
ग्रामीण निर्माण विभाग,
परिमण्डल पौड़ी।
(1144/75)


# पौड़ी में संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने संभाला कार्यभार

## संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक सेट को तहसील कर्मियों ने दी भावभीनी विदाई।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट के जनपद हरिद्वार के रुड़की स्थानांतरण के बाद दीक्षिता जोशी ने शुक्रवार को संयुक्त मजिस्ट्रेट पौड़ी का कार्यभार संभाल लिया है। उपजिलाधिकारी कार्यालय में इस अवसर में दीपक रामचंद्र शेट के स्थानांतरण होने पर तहसील प्रशासन ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।

शुक्रवार को आयोजित विदाई समारोह में दीपक रामचंद्र सेट ने कहा कि पौड़ी में कार्य करना उनके लिए यादगार अनुभव रहा। यहां के लोगों का सहयोग और सादगी हमेशा प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान वहां उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी, व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। नव नियुक्त संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि वह जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन को प्राथमिकता देंगी। उन्होंने टीमवर्क के साथ विकास कार्यों को गति देने और जनहित को सर्वोपरि रखने की बात कही। इस अवसर पर व्यापार सभा पौड़ी अध्यक्ष विनय शर्मा, सभासद अरविंद रावत, सभासद प्रवीण असवाल, ग्रामीण पत्रकार जगमोहन डांगी, नायब तहसीलदार उपेन्द्र सिंह राणा, कानूनगो सुदामा सिंह रावत, प्रशासनिक अधिकारी दिनेश चंद्र नौटियाल, पेशकार राकेश कोली, राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप, संजय नेगी सहित बिजेंद्र नेगी, अमित व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कानूनगो सुदामा सिंह रावत ने किया।



## संक्षिप्त समाचार

### रामलीला का मंचन 19 से

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कल्पतरु बालिका श्री रामलीला कमेटी काशीरामपुर तल्ला कोटद्वार 19 अगस्त से 29 अगस्त तक कल्पतरु बालिका श्री रामलीला कमेटी काशीरामपुर तल्ला कोटद्वार द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। निर्देशक दिनेश बौठियाल, सह निर्देशक कल्पना मंजेड़ा, स्टेज डायरेक्टर शांति नेगी जी के संचालन में रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला के प्रचार प्रसार प्रमुख अंचल कुमार अग्रवाल ने बताया कि रामलीला का मंचन काशीरामपुर तल्ला के आर्मी ग्राउंड में प्रतिदिन सांय 3:00 बजे से रात्रि 7:00 तक किया जाएगा।

### सांसद गढ़वाल बलूनी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए दिये 35 लाख

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सांसद गढ़वाल एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी ने पौड़ी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए 35 लाख की राहत राशि दी है। सांसद बलूनी ने यह सहायता ऐसे समय पर की जब पाबौ और थलीसैंण ब्लाकों के कई गांवों में आपदा से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित है। इस निधि से प्रभावित गांवों में पुनर्निर्माण व मरम्मत के कामों को तेजी से करने में मदद मिलेगी। आपदा ग्रस्त गांवों के लिए राहत राशि दिए जाने पर भाजपा पदाधिकारियों सहित कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी सांसद अनिल बलूनी का आभार जताया है। कहा कि इससे आपदाग्रस्त इलाकों में कामों में तेजी आ सकेगी। विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावित गांवों की विस्तृत जानकारी गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को दी थी, जिस पर सांसद अनिल बलूनी ने तत्काल 35 लाख की सांसद निधि राहत कार्यों के लिए स्वीकृत की है। भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल किशोर और जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया है कि पाबौ ब्लाक के आपदा प्रभावित गांव बुरांशी व फल्दवाड़ी को 5-5 लाख, सैंजी को 10 लाख सहित थलीसैंण ब्लाक के कांडई, जनदरीपा व खिर्सू ब्लाक के जोगड़ी के लिए भी 5-5 लाख की राशि स्वीकृत की है। यह निधि संबंधित क्षेत्रों में सड़क, पुल, सिंचाई एवं अन्य आवश्यक बुनियादी ढाँचों के पुनर्निर्माण पर खर्च की जाएगी, जिससे ग्रामीण जनता को सीधे लाभ मिलेगा। उल्लेखनीय है कि सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी लगातार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सक्रिय हैं।

# धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शुक्रवार श्रावण शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन विद्या भारती से संबंध हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर जानकी नगर कोटद्वार में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया प्रारंभ में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रयागदत्त चमोली ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया । तो दो प्रांत विद्यालय के शिशुओं ने रक्षाबंधन से संबंधित प्रेरक प्रसंग, कहानियां, संस्मरण, तथा रक्षाबंधन मनाने के कारण तथा कविताएं सुनाईं। विद्यालय के शिक्षक अंचल कुमार अग्रवाल ने रक्षाबंधन से है इस पर विस्तृत प्रकाश डाला। विद्यालय के शिक्षक मनोज जोशी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से रक्षाबंधन मनाने का कारण तथा महत्व बताया तथा विद्यालय की बालिकाओं ने बहुत ही



आकर्षक हस्त निर्मित राखियों का निर्माण किया। अंत में सभी को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। के अवसर पर योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, श्रेया चौधरी, अंजू चमोला, दीक्षा, पूजा चतुर्वेदी, हेमा पांडे, आदि उपस्थित थे।

### रक्षाबंधन त्योहार को लेकर बाजार में रही रौनक

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शुक्रवार को रक्षाबंधन को त्योहार को लेकर पौड़ी के बाजारों में रौनक रही। सुबह से ही मुख्यालय के बाजार में चहल पहल दिखाई दी। मौसम सुबह तक साफ रहा, दोपहर बाद अचानक मौसम ने भी करवट बदल दी और रुक-रुक कर बारिश होती रही। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में पिछले करीब एक सप्ताह से ही रखियों दुकानों में सजने लगी थी। शनिवार को मनाएं जाने वाले रक्षाबंधन त्योहार से पूर्व शुक्रवार को भी यहां महिलाओं की भीड़ खासकर रखियों की दुकानों से लेकर मिठाईयों की दुकानों में दिखाई दी। रक्षाबंधन को लेकर डाक विभाग ने शुक्रवार को सुबह से ही अन्य रूटीन डाकों के साथ रखियों को भेजने में कार्मिक जुटे रहे। प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड परिवहन की बसों में महिलाओं के लिए शनिवार को प्रदेश के अंदर निःशुल्क यात्रा की सुविधा भी दी है। हालांकि इस दौरान निजी वाहनों भी बाजारों में काफी दिखाई दिए।

# ग्रामीण बोले आपदा की घड़ी में विधायक का जनता के बीच होना जरूरी

### आपदा से चरगढ़, सिवाल, गड़िगांव में फसल व खेतों को भारी नुकसान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीती 6 अगस्त को भारी बारिश से आई आपदा से पाबौ ब्लाक के चरगढ़, सिवाल, गड़िगांव में भी ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ है। इन गांवों में आपदा ने ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप नेगी ने कहा कि पाबौ ब्लाक के बुरांशी और सैंजी में आपदा आने पर पूर्व विधायक गणेश गोदियाल और कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह मौके पर पहुंचकर लोगों का हालचाल जान रहे हैं, लेकिन चौबट्टाखाल विधानसभा क्षेत्र में आई आपदा के बाद भी स्थानीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज अब तक नदारद हैं। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में विधायक का जनता के बीच होना जरूरी है, लेकिन उनका कोई अता-पता नहीं है, जिससे ग्रामीणों में रोष है।

चरगढ़ गांव में बरसाती गदेरा उफान पर आने से आए मलबे से ग्रामीणों के धान के खेत पट गए हैं। इससे ग्रामीणों को फसल और खेतों का काफी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि वे इन्हीं खेतों पर जीवन यापन करते हैं, ऐसे में फसल के नुकसान से आर्थिक संकट गहरा गया है। उन्होंने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप नेगी ने बताया कि बीते दिनों हुई बारिश से गड़िगांव में भू-स्खलन से कई घरों में मलबा घुस गया। सिवाल गांव में भी कई मकान खतरे की जद में आ गए हैं। भूस्खलन की चपेट में एक गौशाला के आने से तीन गाय और तीन बकरियां मलबे में दबकर मर गईं। क्षेत्र का संपर्क मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और सड़क से संपर्क टूट गया है। ग्रामीण स्थानीय लोगों की मदद से अस्थायी रूप से मार्ग दुरुस्त कर रहे हैं। चरगढ़ के ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने बड़ी मुश्किल से जानवरों से बचाकर इस बार धान की खेती की थी, लेकिन गदेरे के उफान ने सबकुछ बहा दिया, जिससे गांव में मायूसी छा गई है।

### अज्ञात महिला का मिला शव

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर क्षेत्रांतर्गत चौरास में अलकनंदा नदी पर बनी जल विद्युत परियोजना की झील में अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि मृतका की आयु लगभग 25 से 30 वर्ष प्रतीत हो रही है। महिला के दाहिने कान में पीतल का गोल कुंडल है, चेहरा गोल है और बाएं कंधे पर दो तिल हैं। शव लगभग 10 से 15 दिन पुराना बताया जा रहा है।

# युवाओं को नशे के विरुद्ध एकजुट होकर कार्य करना होगा

### जिलाधिकारी ने नशा मुक्त जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला अधिकारी कार्यालय परिसर से जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन विकास भवन से होते हुए कोटेश्वर, बेलनी मार्ग और रुद्रप्रयाग मुख्य बाजार में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा। इसके बाद यह वाहन गुलाबराय, जवाड़ी बाईपास होते हुए तिलवाड़ा में भी जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाएगा। वाहन को रवाना करने के उपरांत जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि सभी युवाओं को नशे के विरुद्ध एकजुट होकर



कार्य करना होगा, ताकि नई पीढ़ी सही मार्ग पर चल सके और देश के विकास में योगदान दे सके। उन्होंने कहा कि इस दिशा में समाज को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी टी.आर. मलेठा ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटकों, वृक्षारोपण कार्यक्रमों के साथ-साथ जनपद में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों को भी जोड़ा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवा इस अभियान से जुड़कर नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दे सकें।

### 19 अगस्त को बावई गांव में आयोजित होगा बहुउद्देशीय शिविर

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में आगामी 19 अगस्त को बावई गांव में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं आदि की जानकारी एवं लाभ देने के साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आम जनमानस की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण हो सके इसके लिए जनपद के दूरस्थ ग्राम बावई में बहुउद्देशीय शिविर/तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा उनसे संबंधित योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समयानुसार सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आम जनमानस से उक्त आयोजित होने वाले शिविर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण कर लाभान्वित होने की अपील की है।

# बाकुंडा में लापता पांच नेपाली मजदूरों की खोजबीन जारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी जिले की थलीसैंण तहसील के बाकुंडा में बीती 6 अगस्त से लापता 5 नेपाली मजदूरों का तीन दिन बाद भी कोई पता नहीं चल सका। लापता इन मजदूरों की खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुक्रवार को भी चला। शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी आला अफसरों के साथ मौके का जायजा लिया और लापता मजदूरों के रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। कहा कि प्रभावितों के साथ सरकार खड़ी है और हर संभव मदद मुहैया करवाई जा रही है।शुक्रवार को क्षेत्र में मौसम ने भी साथ नहीं दिया और वहां हल्की बारिश होती रही इसका असर सर्च ऑपरेशन पर भी पड़ता दिखाई दिया। बीती 6 अगस्त को बाकुंडा गांव के ऊपर से गदेरे में आए भारी मलबे और पानी के बहाव में जगतपुरी-देहघाट मोटरमार्ग के किनारे बाकुंडा में लगे नेपाली डेरा बह गया था। तभी से ये मजदूर भी लापता चल रहे है। क्षेत्र की खस्ता हाल सड़कों को भी लोनिवि एक सिरे खोल रहा है। थलीसैंण तहसील मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर यह ऑपरेशन चल रहा है। गदेरे के साथ आया भारी मलबा की वजह से भी सर्च अभियान में जुटी टीम को काफी समय लग रहा है। थलीसैंण के एसडीएम श्रेष्ठ गुनसोला ने बताया कि लापता पांच मजदूरों की खोजबीन में एसडीआरएफ की पूरी सर्च टीम जुटी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि गेदेरे से पानी के तेज बहाव में ये मजदूर बिनो नदी के बहाव में बह गए। नदी थलीसैंण से कुमाऊं की तरफ बहकर जाती है। लापता मजदूरों में नरेंद्र बहादुर खटका, उनकी पत्नी संध्या खटका, उनका बेटा रोमन खटका सहित अमृता परिहार और विमल शामिल है।

# डीएम और एसपी ने किया क्षतिग्रस्त भनेर पानी का निरीक्षण

चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने शुक्रवार को बदरीनाथ हाईवे के क्षतिग्रस्त भनेर पानी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एनएचआईडीसीएल की ओर से किए जा रहे हाईवे सुधारीकरण कार्य की जानकारी लेते हुए। उप जिलाधिकारी



और निर्माणदायी संस्था के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए शीघ्र हाईवे को सुचारू करने की बात कही। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि बदरीनाथ हाईवे के भनेरपानी जोन में लगातार यातयात सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं। हाईवे के दोनों ओर से मशीनों से मलबा हटाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही पहाड़ी से हाईवे पर आए बोल्डर के निस्तारण के लिए एनएचआईडीसीएल को कंट्रोल ब्लॉस्ट की अनुमति प्रदान की गई है। वहीं हाईवे को पैदल आवाजाही के खोला गया है। जिससे पुलिस जवानों की निगरानी में पैदल आवाजाही करने वालों को भेजा जा रहा है। हाईवे के दोनों ओर वाहनों से तीर्थयात्रियों को गंतव्य के लिए भेजा जा रहा है। जनपद में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका जा रहा है।

### तीन योजनाओं का शासनादेश जारी

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र में विधायक भरत सिंह चौधरी के प्रयासों से मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल तीन योजनाओं का शासनादेश जारी हो गया है।

खुशी व्यक्त करते हुए विधायक ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल योजनाओं की मुख्यमंत्री पुष्कर पुष्कर सिंह धामी की ओर से वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का शासनादेश जारी किया गया है, जिसमें विकासखंड जखोली में जैली-तैला-महरगांव मोटर मार्ग के अवशेष मोटर मार्ग के डामरीकारण की स्वीकृति मिली है। विकासखंड अगस्त्यमुनि के बच्छणस्यूं क्षेत्र में अतरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं विकासखंड जखोली में पूर्वी बांगर क्षेत्र में पशु चिकित्सा सेवा केंद्र निर्माण की स्वीकृति मिली है।

# जीआरआरसी ने दी 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रेरक प्रस्तुति

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में मेजर सुदीप कुमार (ट्रेनिंग बटालियन) जीआरआरसी ने विद्यार्थियों के समक्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' पर प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी।

आकर्षक स्लाइड शो के माध्यम से उन्होंने बताया कि पहलगाम अटैक के बाद ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना का एक साहसिक और रणनीतिक सैन्य अभियान था, जिसका मुख्य उद्देश्य देश की सुरक्षा सुनिश्चित करना, आतंकवाद का उन्मूलन करना और सीमा क्षेत्रों में स्थायी शांति स्थापित करना था। मेजर सुदीप कुमार ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि भारतीय सेना किसी भी जगह किसी भी विषम परिस्थिति में अपने दुश्मनों का अदम्य साहस के साथ मुकाबला करने को हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आम नागरिकों को भी एक इनफॉरमेशन



वॉरियर की तरह सजग रहकर काम करना चाहिए।

उनकी इन प्रेरक बातों ने बच्चों के हृदय में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने विद्यालय के चेयरमैन विनोद सिंह नेगी, वीएसएम, कमांडेंट जीआरआरसी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के हृदय में देशभक्ति, अनुशासन और सेवा-भावना के बीज रोपते हैं।


**उत्तर रेलवे**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.रे., चिकित्सालय, चिकित्सा विभाग, मुरादाबाद मंडल**

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

भारत के राष्ट्रपति के ओर से एंव उनके लिये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये मुहदबंद खुले आवेदन आमंत्रित हैं–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एन.आई.टी. सं. | No. NR-MB-OMED(INSP)/1/2025 dated 07.08.2025 |
| 2 | कार्य का नाम | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मुरादाबाद इच्छा की अभिव्यक्ति के आधार पर विभिन्न इमेजिंग तथा स्पेशल जांचो के लिये मुरादाबाद मंडल (Health unit area Haridwar, Laksar, Nazibabad, Hapur, Chandausi, Bareilly, Shahajahanpur, Rosa & Balamau) के अधिकार क्षेत्र में स्थित प्राइवेट डायग्नोस्टिक इमेजिंग सेंटर/इंस्टीट्यूशनस् को दो वर्ष की अवधि के लिए सी.जी.एच.एस. दरों पर (जो दरें संबंधित क्षेत्र पर लागू हो) इंपैनलमेंट करने के लिये आवेदन आमंत्रित करते हैं। |
| 3 | अनुमानित लागत | इस स्तर पर आवश्यकता नहीं |
| 4 | इंपैनलमेंट अवधि | दो वर्ष |
| 5 | आवेदन प्रस्तुत करने एवं खुलने की अंतिम तिथि | दि. 09.08.2025 को 11:00 बजे से 08.09.2025 को 15 बजे तक एवं खुलने की अंतिम तिथि व समय दि. 08.09.2025 को 15:30 बजे। अवकाश की स्थिति मे अगले कार्य दिवस मे निर्धारित समय पर। |
| 6 | कार्यालय का पता एवं तिथि जहां प्रपत्र उपलब्ध करने के होंगे | कार्यालय, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.रे. मंडल रेलवे चिकित्सालय मुरादाबाद में दि. 09.08.2025 से 08.09.2025 समय 15:00 बजे तक |
| 7 | वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उ.रे. की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर देखी जा सकती है। |
| 8 | आवदेन प्रपत्र का मूल्य नकद/डाक द्वारा | कुछ नहीं। |

कृते मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.रे., मुरादाबाद

2432/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**(शुद्धि पत्र)**

**विषय:** मुरादाबाद मंडल के संकेत एवम् दूरसंचार के टेंडर की निविदा के सम्बन्ध में।

**संदर्भ:**– (1) इस कार्यालय का टेंडर नोटिस संख्या **SNT-ARC-CEL, DDN-SRE-RDPMS-TELE-RAILNET dated: 10.07.2025**

उक्त सन्दर्भ में मुरादाबाद मंडल की एस0 एंड टी0 शाखा के निम्न कार्य के लिए निविदा खोलने की तिथि में बदलाव किया गया है

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | निविदा खोलने के लिए पुरानी तिथि और समय | निविदा खोलने के लिए नयी तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | **SNT-ARC-CEL-Cards-MB-2024** रिपेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 3 इयर्स ऑफ़ वेरियस टाइप ऑफ़ सीइएल मेक एसएसडीएसी/एचएएसएसडीएसी/एमएसडीएसी/कार्डो ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | **11.08.2025 15:00 hrs** | 25.08.2025 15:00 hrs. |
| 2 | **RT-SNT-TELE-RAILNET-22-23** मुरादाबाद मंडल के प्रमुख स्टेशन, डिपो, स्टोर पर रेलनेट कनेक्टिविटी। | **11.08.2025 15:00 hrs** | 25.08.2025 15:00 hrs. |

निविदा की अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। **नोट:**– निविदा के पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। **Tender Notice- SNT-ARC-CEL, DDN-SRE-RDPMS-TELE-RAILNET Date: 06.08.2025** **2423/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

दिनांक 03.08.2025 को समाचार पत्र में प्रकाशित हुई निविदा सूचना संख्या V-20-CTG.Stall-MB-Div-2025C दिनांक 01.08.2025 विषय: ''मुरादाबाद मंडल के A1, A एवं B श्रेणी स्टेशनों के खानपान इकाई (GMUs) के अनुबंध का आवंटन'', के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निविदा सूचना में केवल **HRI लोकेशन 2&3-B** (Near WB SPN end) की निविदा बंद होने की तिथि 25.08.2025 के स्थान पर अब 29.08.2025 होगी। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2422/25


# हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : अपर जिलाधिकारी, विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में शुक्रवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण के तहत समयबद्ध कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

इस बैठक के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों को समय के अनुसार तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। कहा कि लाउड स्पीकर के माध्यम से जनपद के विभिन्न स्थानों पर 14 एवं 15 अगस्त को देशभक्ति गीत बजाने व मुख्य स्थानों पर प्रभात फेरी का आयोजन करने, शहीद पार्क में शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करने, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता




कार्यक्रम चलाये जायेगें। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एवं 14 अगस्त की सुबह क्रॉस कंट्री का आयोजन किया जायेगा। बताया कि सभी सरकारी कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को कार्यक्रम के आयोजन को लेकर व्यवस्थाएं चाक-चौबंध करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत जनपद में तीन चरणों में हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा रैली, प्रदर्शनी, देश भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में परियोजना निदेशक आनन्द सिंह, जिला विकास अधिकारी केके पंत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अभिषेक गुप्ता, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह रावत, पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सैनी, जिला पूर्ति अधिकारी अंकित पाण्डेय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों के सर्वोत्तम हितों की रक्षा करना सर्वोच्च प्राथमिकता

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी द्वारा बाल अधिकारों और कानूनी जागरूकता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाल न्याय मित्र क्लब की स्थापना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बताया कि यह क्लब बच्चों के अधिकारों और कानूनी जिम्मेदारियों के बारे में छात्रों, अभिभावकों और स्कूल प्राधिकारियों को जागरूक करेगा। साथ ही क्लब छात्रों को किशोर न्याय अधिनियम, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में संवेदनशील बनाएगा। शुक्रवार को आयोजित बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नाजिश कलीम ने कहा कि बच्चों के सर्वोत्तम हितों की रक्षा करना और उन्हें न्याय तक सहज पहुंच उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निःशुल्क कानूनी सहायता दी जाएगी, जिससे कोई भी बच्चा अपने अधिकारों से वंचित न रहे। कहा कि बाल न्याय मित्र क्लब के गठन से बच्चों, अभिभावकों और विद्यालयों में कानूनी साक्षरता को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे छात्र-छात्राएं अपने अधिकारों की जानकारी के साथ ही जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में भी सशक्त होंगे।

# धराली आपदा प्रभावित क्षेत्र में बिजली, संचार नेटवर्क बहाल

### अब तक 600 से अधिक यात्रियों को एयर लिफ्ट करते हुए उत्तरकाशी/देहरादून भेजा

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : धराली आपदा के बाद से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार प्रभावित क्षेत्र में डटे हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन, आपदा ग्रस्त क्षेत्र में चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान की स्थलीय निगरानी की।

इस बीच शुक्रवार को प्रभावित क्षेत्र में बिजली के साथ ही संचार नेटवर्क भी बहाल कर दिया गया है।शुक्रवार दोपहर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र धराली का दौरा करते हुए, सर्च एवं रेस्क्यू कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री प्रभावित परिवारों से मिलकर उनके दुःख-दर्द को साझा किया, साथ ही उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तेजी से क्षेत्र में बिजली, पानी, संचार के साथ सड़क कनेक्टिविटी बहाल करने का प्रयास कर रही है। साथ ही प्रभावितों के पुनर्वास के भी प्रयास शुरू किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आपदा में क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों एवं फसलों के नुकसान के आंकलन के निर्देश डीएम को दिए। इस दौरान ग्रामीणों ने धराली का पुनर्निर्माण केदारनाथ धाम की तर्ज पर कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस दुःख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है, धराली के लिए जो बेहतर से बेहतर होगा उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी एजेंसियों की तत्परता से अब तक 600 से अधिक यात्रियों को एयर लिफ्ट करते हुए उत्तरकाशी या देहरादून भेजा गया है। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान, डीजीपी दीपम सेठ, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, आईजी अरुण मोहन जोशी, डीएम प्रशांत आर्य, एसपी सरिता डोबाल, आईएएस गौरव कुमार, आईपीएस अमित श्रीवास्तव, अपर्ण यदुवंशी, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, गढ़वाल समन्वयक किशोर भट्ट, गंगोत्री मंदिर समिति सचिव सुरेश सेमवाल सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**दो जगह सामुदायिक रसोई जारी**

धराली में दो आईएएस और दो आईपीएस अधिकारियों ने राहत एवं बचाव अभियान की कमान संभाली हुई है। प्रभावित परिवारों को धराली एवं हर्षिल में सामुदायिक रसोई में भोजन की व्यवस्था की गई है। हर्षिल, झाला, गंगोत्री में रुके यात्रियों को हैली के माध्यम से मातली भेजा जा रहा है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख के लिए 14 को होगा मतदान

चमोली : राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद में 14 अगस्त को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्र पंचायतों के प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख तथा कनिष्ठ उप प्रमुख पदों के लिए मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। जिसके बाद 14 अगस्त को मतगणना कार्य भी पूर्ण किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से तय कार्यक्रम के तहत जनपद चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा क्षेत्र पंचायतों के प्रमुख, उप प्रमुख एवं कनिष्ठ प्रमुख पदों पर 11 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक नामांकन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। जिसके पश्चात 3 बजकर 30 मिनट से कार्य समाप्ति तक नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी। 12 अगस्त को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया संपादित की जाएगी। जिसके बाद 14 अगस्त को पूर्वाह्न 10 बजे से 3 बजे तक मतदान तथा मतदान के पश्चात मतगणना कार्य पूर्ण किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, जनपद चमोली में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा क्षेत्र पंचायतों के प्रमुख, उप प्रमुख एवं कनिष्ठ प्रमुख पदों पर आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है, जो मतगणना की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप तिवारी ने जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्य हेतु आवश्यक तैयारियां समय एसे पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। (एजेंसी)


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79



फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com